DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (DCSD) परिवार का अभिवादन,

मुझे उम्मीद है कि आप सभी का सप्ताहांत सुरक्षित और खुशियों से भरा बीता होगा। सेमेस्टर जल्दी समाप्त होने वाला है और मैं उम्मीद करती हूँ कि हमारे सभी विद्यार्थियों का ध्यान अपने अकादमिक लक्ष्य के ऊपर केंद्रित है। छुट्टियों का मौसम आ गया है और मुझे पता है कि सर्दियों की छुट्टियों को लेकर सभी उत्साहित हैं और सभी को इसका बेसब्री से इंतज़ार है। लेकिन फिलहाल हम सभी का पूरा ध्यान लक्ष्य की ओर रखते हुए सेमेस्टर को अच्छे अंकों से पास करना है! हाई स्कूल के हमारे सभी विद्यार्थियों को Georgia माइलस्टोन्स एंड ऑफ कोर्स परीक्षा के लिए शुभकामनाएं!

## <u>होनहार विद्यार्थी</u>

इस सप्ताह मैं Ashford Park के पांचवे ग्रेड में पढ़ने वाले विद्यार्थी Ayush Roy का विशेष उल्लेख करने जा रही हूँ। उनके प्रधानाचार्य के अनुसार वे पढ़ाई में होशियार, फुर्तीले हैं और किसी भी असाइनमेंट को पूरी लगन के साथ पूरा करने की कोशिश करते हैं। वे एक बेहतरीन विद्यार्थी हैं जो अपने हर काम को सफलता से पूरा करते हैं। गिफ़्टेड (मेधावी) प्रोग्राम में इन्हें हर विषय में A मिला है और पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियों में भी ये भाग लेते हैं। मुझे इस होनहार विद्यार्थी के बारे में विशेष रूप से बताते हुए बहुत गर्व महसूस हो रहा है!

मैं DCSD की भूतपूर्व विद्यार्थी Celina Smith का भी उल्लेख करना चाहती हूँ। इस 12 वर्षीय Wynbrooke एलीमेंटरी स्कूल की भूतपूर्व विद्यार्थी ने हाल ही में टेलीविज़न पर दिखाए जाने वाले लाइव म्यूजिकल ईवेंट “Annie Live!” में Annie की भूमिका को निभाना शुरू किया है। Celina ने 2018-2019 स्कूल वर्ष तक DCSD में पढ़ाई की जिसके बाद उन्होंने “The Lion King” में छोटी Nala की भूमिका निभाने और उसके राष्ट्रीय दौरे पर यात्रा के लिए स्कूल छोड़ दिया था। राष्ट्रीय स्तर पर हमारे भूतपूर्व विद्यार्थी को बेहतरीन काम करता देख बहुत अच्छा लगा। हमें Celina के ऊपर गर्व है और उन्हें भविष्य में और भी सफलता हासिल करने की शुभकामनाएं देते हैं!

## <u>टीम ट्यूजडे</u>

पिछले सप्ताह #TeamTuesday के लिए मैंने टीम के दो बेहतरीन सदस्यों का विशेष उल्लेख किया था। परिवार और समुदाय सशक्तिकरण विभाग में काम कर रही Latonya Winters-Buford को समुदाय कल्याण के क्षेत्र में कई वर्षों का अनुभव प्राप्त है! वे पैरेंट लीडरशिप एंड एडवोकेसी ट्रेनिंग टीम का नेतृत्व करती हैं और हमारी ओर से स्थानीय एंकर की भूमिका निभाती हैं। हम शुक्रगुज़ार हैं कि वे हमारा नेतृत्व करती हैं।

परिवारों की सहायता करना, विशेष रूप से लैटिन परिवारों की सहायता करना Angelica Rosso को बहुत अच्छा लगता है। उन्हें माता-पिता को उनके बच्चों के लिए लीडर और रोल मॉडल बनने की शिक्षा देने में बहुत आनंद आता है। घर और स्कूल के बीच सकारात्मक संबंधों का निर्माण करने के लिए आपका धन्यवाद!

## <u>Cedar Grove फुटबॉल</u>

Cedar Grove हाई स्कूल फुटबॉल टीम को AAA राज्य चैम्पियनशिप खेल में पहुँचने के लिए बहुत-बहुत बधाइयाँ! पिछले शुक्रवार Cedar Grove Saints ने Appling County को 27-6 से हराया और राज्य चैम्पियनशिप खेल में अपना स्थान पक्का किया। Saints का सामना शनिवार, 11 दिसंबर को Carver-Atlanta दोपहर में Atlanta में Center Parc स्टेडियम में होगा। मुझे Cedar Grove के हमारे खिलाड़ी विद्यार्थियों, कोचिंग स्टाफ और माता-पिता के ऊपर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। अपने लक्ष्य तक पहुँचने में उन्होंने कड़ी मेहनत की है और शनिवार को मैं कामना करती हूँ कि शनिवार को उन्हें विजय प्रपट हो। शाबाश Saints!

**<u>इथोपियाई समुदाय सम्मेलन</u>**

मैं उन सभी को धन्यवाद कहना चाहूंगी जिन्होंने कल इथोपियाई समुदाय I.M.P.A.C.T. सम्मेलन में भाग लिया था। मुझे इथोपियन कम्यूनिटी असोसिएशन ऑफ अटलांटा (ECAA) और हमारे परिवार के तीसरे सबसे बड़े समूह (इथोपियाई/इरिट्रियाई) से मुलाकात करने का सौभाग्य मिला जो अपने विद्यार्थियों की उपलब्धियों के समर्थन में स्कूल डिस्ट्रिक्ट से जुड़ने को उत्साहित हैं। ECAA लीडरों से मिलकर बहुत अच्छा अनुभव प्राप्त हुआ जो अपने विद्यार्थियों और परिवारों को सशक्त बनाने के लिए हमारे साथ मिल कर काम करने में पूरी तरह से संलग्न और उत्साहित हैं। मैं कामना करती हूँ कि इथोपियाई समुदाय के साथ हमारी भागीदारी और मजबूत हो।

**<u>2022-2024 कैलेंडर निर्माण</u>**

कैलेंडर कमिटी के ऊपर DCSD के हितधारक समुदाय के सामने कैलेंडर विकल्प प्रस्तुत करने की ज़िम्मेदारी है। सर्वेक्षण/प्रश्नावली में भाग ले कर हितधारकों से उनका फीडबैक प्राप्त किया जाएगा जिसे कि डिस्ट्रिक्ट की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा और DeKalb ऐप। सोशल मीडिया, ईमेल नेटवर्कों, स्थानीय स्कूल वेबसाइटों और संचार के अन्य संगठित प्रयासों के ज़रिए वितरित किया जाएगा। इस सर्वेक्षण की अवधि आज 6 दिसंबर को समाप्त हो रही है। 2022-2024 स्कूल कैलेंडर 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली शिक्षा बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत किए जाएंगे जिससे कि उनके ऊपर विचार कर कार्रवाई की जा सके। सर्वेक्षण को पूरा करने के लिए <u>यहाँ</u> क्लिक करें।

**<u>Smoke Rise एलीमेंटरी स्कूल</u>**

DCSD और Smoke Rise एलीमेंटरी स्कूल को पिछले शुक्रवार राज्य अधीक्षक Richard Woods का Smoke Rise में स्वागत कर के बहत खुशी हुई। हाल ही में Smoke Rise को Georgia शिक्षा विभाग द्वारा नेशनल एलीमेंटरी एंड सेकेंडरी एजुकेशन एक्ट (ESEA) प्रतिष्ठित स्कूल के तौर पर मान्यता प्रदान की गई थी। Smoke Rise सफल शैक्षिक कार्यक्रमों और छात्र शैक्षणिक प्रगति के परिणामस्वरूप राष्ट्रीय मान्यता के लिए चुने गए दो स्कूलों में से एक है।

मुझे Smoke Rise के विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्रशासकों और स्कूल समुदाय के ऊपर गर्व है क्योंकि हम सभी जानते हैं कि किसी भी स्कूल को उत्कृष्टता हासिल करने और DCSD स्नातक की हमारी परिकल्पना को हासिल करने में पूरे समुदाय के योगदान की ज़रूरत होती है। मैं एक बार फिर से अधीक्षक Woods और Georgia शिक्षा विभाग को धन्यवाद कहना चाहूंगी जिन्होंने हमारे शानदार स्कूलों में से एक को मान्यता प्रदान की।

**<u>व्यापक मास्टर प्लान बैठक</u>**

अगली व्यापक मास्टर प्लान (CMP) बैठक बुधवार, 8 दिसंबर को आयोजित की जाएगी जहां DCSD स्टाफ अनुशंसित मसौदा E-SPLOST VI प्रोजेक्ट लिस्ट प्रस्तुत करेगा। कृपया इसमें अवश्य भाग लें। इसमें सुविधाओं के सुधार, अनुदेश विस्तार और DCSD को आगे की दिशा में ले जाने वाले कदमों को जारीरखने के सुझावों के ऊपर भी विशेष चर्चा की जाएगी। यह बैठक शाम 6 बजे शुरू होगी, जिसे<u>यहाँ</u> देखा जा सकता है।

**<u>बजट सर्वेक्षण</u>**

प्रत्येक वर्ष DCSD द्वारा ऑनलाइन सर्वेक्षण आयोजित किया जाता है जिसमें उन सेवाओं और परिचालन सुधारों के ऊपर समुदाय की राय मांगी जाती है जिन्हें कि लागू किया जाना चाहिए। यह बजट सर्वेक्षण वित्त वर्ष 2023 बजट विकास में समुदाय का फीडबैक एकत्र करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। संपूर्ण बजट दस्तावेज़ डिस्ट्रिक्ट की सामरिक योजना, परिकल्पना और लक्ष्यों के ऊपर आधारित होगा। वित्त वर्ष 2023 बजट में DeKalb काउंटी के विद्यार्थियों, कर्मचारियों और नागरिकों के लिए आवश्यक सेवाओं की जानकारी भी दी जाएगी। इस सर्वेक्षण की अवधि 13 दिसंबर को समाप्त हो रही है। सर्वेक्षण को पूरा करने के लिए कृपया <u>यहाँ</u> क्लिक करें।

**निगरानी परीक्षण**

Georgia सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विद्यार्थी स्वास्थ्य विभाग को DCSD में निगरानी परीक्षण आरंभ करते हुए खुशी हो रही है। निगरानी परीक्षण COVID-19 का फैलना सीमित करने और स्कूलों को व्यक्तिगत शिक्षा के लिए खोले रखने का एक सुरक्षित, प्रभावी तरीका है। COVID-19 परीक्षण अनिवार्य नहीं है लेकिन विद्यार्थियों, स्टाफ, परिवार के सदस्यों और हमारे समुदाय की सुरक्षा के लिए इसका आयोजन किया जा रहा है। यह मुफ्त परीक्षण कार्यक्रम सभी विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है, फिर चाहे उनका वैक्सीनेशन कोर्स पूरा क्यों ना हो गया हो। अधिक जानकारी के लिए यहाँ क्लिक करें।

COVID-19 परीक्षण Doraville United एलीमेंटरी के माता-पिता और स्कूल के क्लीनिक में स्टाफ के लिए भी उपलब्ध है। MedCura Health, Emory यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के सहयोग से सोमवार और बुधवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक मुफ्त प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान कर रही है। हम MedCura Health और बाल चिकित्सा विभाग में मौजूद हमारे समुदाय भागीदारों का हमारे कर्मचारियों और माता-पिता की सेवा करने के लिए धन्यवाद करना चाहते हैं। अधिक जानकारी के लिए यहाँ क्लिक करें।

**मान्यता समुदाय सर्वेक्षण**

फ़िलहाल DCSD में मान्यता नवीकरण प्रक्रिया के ऊपर काम चल रहा है। इस प्रक्रिया के एक भाग के तहत हितधारकों से फीडबैक लिया जा रहा है। हम आपको आमंत्रित करते हैं कि आप परिवार व समुदाय हितधारक सर्वेक्षण में भाग लें। इस सर्वेक्षण के नतीजों और साथ में अन्य हितधारकों की राय का उपयोग डिस्ट्रिक्ट की मान्यता नवीनीकरण प्रक्रिया में किया जाएगा।

परिवार व समुदाय हितधारक सर्वेक्षण निम्नलिखित भाषाओं में उपलब्ध है: अम्हरी, अरबी, बंगाली, बर्मी, चीनी, अंग्रेज़ी, फ्रेंच, हिंदी, नेपाली, सोमाली, स्पैनिश, स्वाहिली, तेलगु, टिग्रिनिया और वियतनामी। यह सर्वेक्षण गोपनीय है और इसे पूरा करने में लगभग 10 मिनट का समय लगेगा। यह सर्वेक्षण निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है: https://survey.sogosurvey.com/r/eY7O00.

कृपया डिस्ट्रिक्ट संबंधी ताज़ा समाचारों के लिए हमारी वेबसाइट और अपने स्कूल की वेबसाइट पर जाना जारी रखें। आपका सप्ताह शुभ हो!

भवदीय,

Mrs. Cheryl Watson-Harris